दिनांक 20 मई 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अंतिम संस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की कोई आवश्यकता नहीं, सारी सुविधाएं मिल रही है मुक्तिधाम में, अंतिम क्रिया के लिए प्रक्रियाएं भी आसान, पहले से बेहतर हुआ रामनगर मुक्तिधाम

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मुक्तिधाम में ऑनलाइन आवेदन करने की कोई आवश्यकता नहीं है और न ही ऑनलाइन कराने कहीं जाने की आवश्यकता है, इसके लिए प्रारंभिक प्रक्रियाएं पूरी तरीके से मैनुअल सिस्टम है, इसमें किसी भी तरीके से परिवर्तन नहीं किया गया है , जैसे पहले से प्रक्रिया चली आ रही है वैसे ही प्रक्रिया निरंतरता में बनी हुई है, शोकाकुल परिवार को ऑनलाइन सिस्टम को लेकर किसी भी प्रकार से दिगभ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है , ऑनलाइन सिस्टम न पहले हुआ था और न ही अभी है , शोकाकुल परिवार को किसी प्रकार से भटकने की आवश्यकता नहीं है। यहां आकर आसानी से अंतिम संस्कार की प्रक्रियाएं पुर्ण की जा सकती है। पहले से रामनगर मुक्तिधाम में सुविधाओं में इजाफा हुआ है। भीषण गर्मी में राहत देने के लिए डोम शेड का निर्माण किया गया है , मुक्तिधाम के भीतर किसी भी तरफ धूप में खड़े होने की आवश्यकता नहीं है। हरियाली से आच्छादित रामनगर मुक्तिधाम में शव दाह के लिए मशीन स्थापित किया गया है , विद्युत विभाग से डिमांड मिलते ही बिजली का कनेक्शन लगाकर इसे प्रारंभ कर दिया जाएगा। रामनगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार की क्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की जरूरत नहीं है वहां पर उपस्थित कोई भी मृतक का परिचित या परिवार तथा रिश्तेदार उपस्थित रहकर आसानी से मिनटों में प्रक्रिया पूर्ण कर सकता है। मुक्तिधाम में मृतक के दाह संस्कार के लिए लकड़ियां और कंडा उपलब्ध है।